# വരയും കുറിയും
# ഹിന്ദി

**സ്വതന്ത്ര വായനയെ പ്രോത്സാഹിപ്പിക്കുന്നതിനു വേണ്ടി കറുകപ്പിള്ളി ഗവ:യു പി സ്കൂളിന്റെ നേതൃത്വത്തിൽ തയ്യാറാക്കിയ മലയാളം, ഇംഗ്ലീഷ് ,ഹിന്ദി വായനാസാമഗ്രികൾ കേരളത്തിലെ മുഴുവൻ പൊതുവിദ്യലയങ്ങൾക്കും പ്രയോജനപ്പെടുത്താൻ കഴിയുന്ന വിധത്തിൽ ഓരോ വിദ്യാലയങ്ങൾക്കും നൽകാൻ തയ്യാറായിക്കഴിഞ്ഞു.**

*സ്നേഹത്തോടെ,*

**ടീം G U P S കറുകപ്പിള്ളി**
**കോലഞ്ചേരി എറണാകുളം - 68 23 11**

MENTORS KERALA





# टमाटर

राधा और राजू ने एक पौधा लगाया।
वे हर रोज पौधे को पानी देते रहे।
सूरज की गरमी में पौधा बडा हुआ।
उसपर पीले फूल आये। राधा
बोली - यह टमाटर का पौधा है।
इसपर टमाटर लगा है।
बच्चे रोज पानी देते रहे।
पौधे पर बहूत टमाटर लगे। टमाटर
पहले हरे थे। फिर पीले हो गए
और फिर  लाल हो गए।
बहूत टमाटर निकले। राधा
और राजू बहुत खुश हुए।

MENTORS KERALA



# किटू और मिटू की खेती

किटू और मिटू
दोनों अच्छे दोस्त है।
दोनों ने मिलकर खेत
में गाजर बोया।
दिन रात मेहनत किया
उनको अच्छी फसल मिली
किटू और मिटू खुश हुए।

**गाजर लेकर वे कहाँ गये होंगे....?**



MENTORS KERALA



# कहाँ जाते हो...?

मामा मामा....... चंदा मामा
तुम कहाँ जाते हो?
चंदामामा तू कितना प्यारा
तुम मेघ मे छिप न जाना।
मेरे साथ खेलने आओ मामा
मुझे भी ले जाओ मामा
यह दुनिया दिखाओ मामा

## चंदामामा ने क्या कहा होगा...?



गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268

# पीपल कहता है ।



मैं पीपल का पेड हूँ।
मेरे पत्ते हरे और बडे है।
मैं मंदिर के पास खडा हूँ।
मैं सबको शीतल छाया देता हूँ।
मैं चिडियों का धर हूँ।

MENTORS KERALA







# अप्पू चित्रकार

मैं अप्पू हूँ।
रोज़ खेला करता हूँ।
पेड पर चढता हूँ।
मैं चित्र खींचता हूँ।
मुझे चित्र खींचना पसंद है।
मेरा दोस्त है टोमी
हम दोनों साथ-साथ खेलते हैं।
मेरी एक दादी है।
मुझे बडी प्यारी है।
रोज़ कहानी सुनाती है।





गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268

# अच्छी बच्ची

अम्मू फूल तोडने आई।
गुलाब का फूल।
अम्मू ने सोचा।
कली या फूल तोड़ू....?
नहीं....ये सुंदर फूल
मैं कैसे तोड़ूँ।

**अम्मू ने फिर क्या किया...?**





# साथ खेलें

मैं विवेक हूँ।
मैं जी.यू.पी.स्कूल
करुकप्पिल्ली में पढता हूँ।
क्या मैं तुम्हारे साथ खेल सकता हूँ?
मेरे पास गेंद है, नया गेंद
हम सब साथ खेलें.....?

**वे जल्दी दोस्त बन गए। फिर.....**

गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268


MENTORS KERALA



# जंबू अम्मा

जंबू अम्मा की बेटी है कल्याणी।
कल्याणी बहूत सुंदर है।
जंबू अम्मा उसे रोज़ केला देती है।
उसके बाद दोनों नहाने जाते हैं।

**एक दिन नहाकर लौटते समय रास्ते में.........क्या हुआ होगा ?**



MENTORS KERALA



# उण्णी का नाव

उण्णी कुट्टन ने कागज़
से नाव बनाया।
उण्णी ने तीन नाव बनाये।
नदी के किनारे गया।
नाव पानी मे रखा।
नाव पानी के साथ बहने लगा।
उण्णी बहूत खुश हुआ।

**लेकिन अचानक.....।**



गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268

MENTORS KERALA



# कटहल

कटहल का पेड।
बडा पेड।
इसमे अनेक डालियाँ हैं।
हरे हरे पत्ते हैं।
पेड में बडे और छोटे कटहल हैं।
तीन कटहल नीचे गिरे हैं।
दो कटहल ऊपर हैं।
इसके फल मीठे हैं।




MENTORS KERALA




# कौन छिपा बैठा है...?

कितना सुंदर फूल है।
फूल का रंग लाल है।
हरे- हरे पत्ते है।
देखो यहाँ कौन
छिपा बैठा है?
वह क्या करने जा
रहा है.........?



गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268



# क्या बारिश आयेगी...?

भोलू बकरी और मुर्गी अम्मा दोस्त है।

मुर्गी अम्मा : भोलू भैया बहूत प्यास लगी है।
क्या करें?

भोलू : पानी कहीं नही है।
देखो ऊपर बादल है।
शायद बारिश मिलेगी।

## क्या बारिश मिला....?



# कोयल की बोली

कोयल तुम तो काली हो
पर तुम्हारी बोली मीठी है।
किसने सिखाई तुमको मीठी बोली ?
क्या तुम्हारी माँ ने सिखाई है ?
इसलिए तो तुम हो....
सब चिडियो की रानी।

गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268

MENTORS KERALA



# चटपटा अचार

नाना बाज़ार गए।
गाजर, टमाटर और आम लाए।
आम हरा था। पका न था।
आम का अचार बना।
अचार का मसाला चटपटा था।
राधा ,रमन आओ।
चावल और चटपटा अचार खाओ ।



MENTORS KERALA



# माँ का प्यार

मेरी प्यारी अम्मा
तरह-तरह का खाना देती है।
मीठे-मीठे गीत सुनाती है।
मेरी सारी बातें सुनती है।
मुझे संग सुलाती है।
मैं माँ को बहूत प्यार करती हूँ।



गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268



# मीना का घर

यह मीना का घर है।
घर में माताजी, पिताजी और भाई है।
मीना का घर छोटा है।
घर के सामने बगीचा है।
मीना को अपना घर
बहूत अच्छा लगाता है।

MENTORS KERALA



# आओ, स्कूल चलें

मीना का स्कूल ।
मीना स्कूल जा रही है।
स्कूल बडा और सुंदर है।
मीना की सहेली है सीना।
दोनों साथ स्कूल जाते हैं।




गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268

MENTORS KERALA





# पतंग का हाल



सीना ने पतंग बनाया
एक सुंदर पतंग
पतंग का रंग लाल है।
सीना ने पतंग उडाया।
लेकिन पतंग....

**क्या करूँ.....?**


# फिसल गई साईकिल



बिनू दुकान जा रहा था।
सडक पर केले का छिलका पडा था।
छिलके पर साईकिल फिसल गई।
बिनू नीचे गिरा।
पैर पर चोट लगी।

**फिर क्या हुआ....?**

गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268


वरयुम कुरियुम
चंदा मामा
रात का समय
विनू छोटे भाई के साथ
बरामदे में बैठा है।
दोनो चंदा मामा को
देख रहे है।
देखो.. चंदा मामा
कितना प्यारा है।
चंदा मामा की
विशेषताएँ और
क्या-क्या है ?
गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268

MENTORS KERALA





# झूला

मुन्नी और
अमल खुश है।
दादाजी ने झूला लगाया था
आम के पेड पर
दोनों झूलने लगे।
ऊपर नीचे झूला
झूलने लगे।


गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268

MENTORS KERALA



# जादुई बाँसुरी

मनु की बाँसुरी
सुंदर और जादुई बाँसुरी
मनु के मन मे जब
खुशी आ जाए
गम आ जाए
मनु बाँसुरी बजाता है।
उसकी मीठी आवाज़ में सारा
गाँव झूम उठता है।



गव. यु.पी. स्कूल करुकप्पिल्ली,
कोलनचेरी - 682 311. Ph: 0484 2761268

MENTORS KERALA



# पानी में नाव

नाव चलाना मनोज का सपना था ।
एक दिन मनू घर मे अकेला था ।
वह नाव चलाने लगा।
वाह! कितना मज़ा है.....।
अचानक पानी बरसने लगा।
बचाओ.....

**मनोज को क्या हुआ?**





# बूढों की सहायता करें

सडक में गाडियाँ ।
अप्पु ने एक बूढे आदमी को देखा।
अप्पु पास गया।
बूढे आदमी का हाथ पकडा।
गाडियों को रोका
बूढे को सडक के पार
ले गया।
बूढा खुश हुआ।

**बूढे ने अप्पु से क्या-क्या कहा होगा....?**